हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री


8 केएम राजकीय कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी





8 पहला कदम फाउंडेशन ने मनाया ग्लोबल हैंड वाशिंग-डे




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, केस

**जींद।** गांव निम्नाबाद के निकट सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अंटा निवासी हरविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई अमित बाइक पर सवार होकर घर की तरफ लौट रहा था।

### धोखाधड़ी से रुपये हड़पने के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** धोखाधड़ी के अलग-अलग दो मामलों की जांच दौरान आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खुराना रोड कैथल के राजकरण की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल को खुराना रोड के ही रहने वाले दीपक ने उसे 4 लाख रुपए का चेक दिया था। उसने उस चेक को बैंक के चेक बॉक्स में डाल दिया था।

### पराली अवशेष जलाने पर मुकदमा दर्ज

**जींद।** गांव उचाना खुर्द में पराली अवशेष जलाने पर उचाना थाना पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर खेत मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीओ ने शिकायत में बताया कि पराली जलाने पर सरकार ने रोक लगाई हुई है। गांव उचाना खुर्द निवासी जगरूप ने अपने खेत मे पराली के अवशेषों को जला दिया।

### डीईओ कार्यालय पर रोष प्रदर्शन सत्रह को

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला कमेटी की बैठक जवाहर पार्क स्थित सर्व कर्मचारी संघ के कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा की। सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों के विरोध में राज्य कमेटी के आह्वान पर 17 अक्तूबर को डीईओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव गुलकनी में रास्ता रोक हमला कर युवक को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गुलकनी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई अशोक की गांव के ही अरूण व उसके साथियों से कहासुनी हो गई थी।

### गांव सांगन में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव सांगन में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सांगन के नरेश कुमार ने कैथल सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को गांव के ही बलिंदर, रोबिन और संजू ने मिलकर उसे पर ईंटों से हमला कर उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों द्वारा उसे जाति सूचक गालियां भी दी गई।

### अस्पताल संचालक पर हमला, दो नामजद

**जींद।** सफीदों में अस्पताल संचालक पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों के निजी अस्पताल संचालक अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सफीदों के ही आशुतोष तथा मनीष से कहासुनी हो गई थी।

### युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए 24 तक आवेदन करें

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि आगामी 27 व 28 अक्टूबर को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी 15 से 29 वर्ष तक आयु वर्ग के युवक-युवतियां 24 अक्टूबर तक आवेदन करें। सभी आईटीआई में फॉर्म उपलब्ध है।

---

### स्वदेशी अपनाओ की मुहिम को मिल रहा बढ़ावा, लोग आ रहे दीये खरीदने

# बदल रहा ट्रेंड : इस बार दीपावली डैकोरेटिव दीयो से जगमग होंगे घर

### दीयो की कीमत में दस से बीस रुपये की बढोत्तरी, डिमांड बढ़ने से खुशी

**कारीगर करीब एक माह से दीये बनाने में जुटे**



दीये बनाते हुए।





दीये खरीदते ग्राहक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दीपावली पर्व रोशनी और खुशियों का प्रतीक है। पहले के सालों में लोगों ने दीयों की अपेक्षा चायनीज लड़ियों को त्वज्जो देनी शुरू कर दी थी। जिसके चलते लोगों का रूझान मिट्टी के दीयो को लेकर कम हो गया। धीरे-धीरे समय बदला और लोगों का रूझान स्वदेशी की तरफ बढ़ा व फिर से मिट्टी के दीयो की तरफ बढ़ा। छोटे-छोटे दीप जब दीपावली पर्व पर अमावस की रात पर घर-घर जगमगाते हैं तो उनके साथ मिट्टी के कलाकारों की उम्मीदें भी रोशन हो उठती हैं। अब डिमांड बढने के साथ ही कुम्हारों की खुशी भी बढ़ रही है। दीपावली से करीब एक माह पहले ही कुम्हारों ने दीया बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। जैसे-जैसे पर्व पास आ रहा है तो दीपावली की खरीद भी बढ़ रही है।

**स्वदेशी दियों का ही प्रयोग करें**

ग्रहणी संतोष ने कहा कि दीपावली पर्व को लेकर हर साल वो दीये लेने आते हैं। हर दीपावली पर घर पर 108 दीये जलाने चाहिए। जोकि शुभ माने जाते हैं। इस बार दीयों की अच्छी डिमांड है और यह हमेशा रहनी भी चाहिए। चायनीज सामान का तो हमने बहिष्कार किया है और वो हमेशा घर पर दीये जलाते हैं। हम अपने घरों पर लड़ी भी नही लगाते हैं। पिछले बार 60 रुपये के दीये आए थे। अबकी बार 70 रुपये में मिल रहे हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि चायनीज की बजाए स्वदेशी दियों का ही प्रयोग करें।

**अबकी बार डिमांड तेज**

दीये बनाने वाले संगम ने कहा कि पिछली बार की अपेक्षा अबकी बार डिमांड ज्यादा है। लगातार दीयो की डिमांड आ रही है। वो प्रतिदिन तीन से चार हजार दीये बना रहे हैं। इस बार दियों के दाम भी बढे हैं। हर साल लगातार डिमांड बढने के पीछे लोगों का स्वदेशी को त्वज्जो देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वदेशी अपनाने की मुहिम रंग ला रही है। पिछले बार एक लाख से अधिक दीये बनाए थे। अबकी बार उससे भी ज्यादा डेढ़ लाख दीयो की बिक्री होने की उम्मीद है। दीये 80 से सौ रुपये प्रति सौ के हिसाब से बिक रहे हैं।

**पूरा परिवार काम में लगा**

दीयो की डिमांड पूरी करने में लगा परिवार दीये बनाने वाले संतलाल ने कहा कि डिमांड ज्यादा होने के चलते पूरा परिवार काम में लगा है। प्रतिदिन तीन से चार हजार दीये बना रहे हैं। लोग दीयो की मांग कर रहे हैं। अबकी बार पहले से दीयो की डिमांड ज्यादा है। मोदी के स्वदेशी अपनाओ की मुहिम रंग ला रही है।

**दीपक ही जलाने चाहिए**

अनिल ने कहा कि वो दीपावली पर्व को लेकर दीपक खरीदने आए हैं। दीपावली पर्व पर दीपक ही जलाने चाहिए ताकि जो यह दीपक बनाते हैं, उन्हें प्रोत्साहन मिले और इनका भी अच्छा कारोबार हो। सदा हमारे देश में दीपक ही लगाए जाते थे। श्रीराम जब वनवास काट कर अयोध्या आए थे तो लौटने की खुशी में दीप पर्व मनाया गया था।

**दीयों की बिक्री अच्छी:** दीपावली से करीब एक माह पहले ही कुम्हारों ने दीया बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। जैसे-जैसे पर्व पास आ रहा है तो दीपावली की खरीद भी बढ़ रही है। वहीं मिट्टी के कलाकार भी सुबह से लेकर देर शाम तक चाक पर मिट्टी के दीये बनाने में जुटे हैं। इस बार दीयों की बिक्री अच्छी हो रही है। डिमांड के अनुरूप आधुनिक दीये, रंग लगे दीये, डैकोरेटिड दीये बनाए जा रहे हैं।

---



जींद। जांच करते टीम। फोटो :हरिभूमि

## जींद: बिहार चुनाव को लेकर रेलगाड़ियों में बढ़ी चौकसी

**रेलवे ने बिहार जाने वाली ट्रेनों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बिहार में होने वाले चुनाव को लेकर रेलवे ने ट्रेनों में चौकसी बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में आरपीएफ के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए हैं। रेलवे ने शक जताया है कि बिहार के चुनावों को लेकर नगदी व मादक पदार्थों की तस्करी हो सकती है। इसलिए रेलवे ने बिहार जाने वाली ट्रेनों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ताकि आरोपियों की धरपकड़ की जा सके। विशेष टीमों का गठन रेलवे के निर्देश पर आरपीएफ अपनी विशेष टीम को यह जिम्मेदारी सौंपी हैए जिसमें आठ जवानों को तैनात किया गया है। यह पुलिसकर्मी बिहार की ओर जाने वाले ट्रेन में यात्रियों के सामान की जांच कर रही है। ट्रेनों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

**अनधिकृत नकदी पर भी रखी जाएगी नजर**

ताकि मादक पदार्थों सहित अन्य सामान की तस्करी को रोका जा सके। इसके अलावा अनधिकृत नकदी पर भी नजर रखी जाएगी। जरा भी शक होने पर तुरंत कंट्रोल पर सूचना देने के बाद संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जींद से बिहार की ओर दो ट्रेन आवागमन करती है। ट्रेन नंबर 15910 अवध-आसाम एक्सप्रेस रात सात बजकर 50 मिनट पर लालगढ़ जंक्शन से चलकर बठिंडा, मानसा, जाखल, टोहाना के रास्ते सुबह लगभग चार बजे नरवाना जंक्शन पर पहुंचती है। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद सुबह लगभग साढ़े चार बजे ट्रेन जींद जंक्शन पर पहुंचती है। इसके बाद रोहतक, बहादुरगढ़, शकूरबस्ती, दिल्ली के रास्ते, बरेली, हरदोईए मानिकपुर, हाजीपुर के रास्ते डिबरुगढ़ पहुंचती है। वहीं दूसरी ट्रेन 15744 फरक्का एक्सप्रेस दोपहर 4 : 25 पर बठिंडा से चल कर जाखल के रास्ते शाम लगभग साढ़े बजे ट्रेन जींद जंक्शन पर पहुंचती है।

---

### 48 लाख रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने महिला को ऑनलाइन टास्क देकर 48 लाख रुपये हड़पने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। हैबतपुर निवासी इशू रानी ने छह सितंबर 2024 को साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह आदित्य बिरला कैपिटल इंश्योरेंस शाखा एचडीएफ सी बैंक जींद मे लोन व इंश्योरेंस विभाग मे काम करती थी। कुछ दिन पहले उसके पास मोबाइल टैलीग्राम पर मैसेज आया कि उनकी कंपनी पलेक्स स्ट्रीम ऑनलाइन अर्निंग काम करने का मौका दे रही है। जिसमें मूवी की रेटिंग देने का काम था। एक अगस्त 2024 को उसके पास टेलिग्राम एप पर एक लिंक आया। जिसको खोलने पर उसका पलेक्स स्ट्रीम कंपनी में वायलेट बन गया। जिसमें उसकी कमाई दिखाई देती थी। टास्क के बदले में उसने शुरु में दस हजार का वायलेट रिचार्ज करने के लिए बोला। उसने अपने पीएनबी खाते से आई डी में पैसे डलवा दिए।

## रुपयों के लेनदेन के चलते जहरीला पदार्थ खा दी जान

- विवाद को सुलझाने के लिए बुलाई पंचायत के दौरान निगला था जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रुपयों के लेनदेने के चलते जहरीला पदार्थ खाकर जान देने पर उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव रोहडा कैथल निवासी मनीष ने उचाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई आशीष को गांव मांडी कलां निवासी खुशीराम के साथ अढाई लाख रुपये का लेनदेन था। जबकि खुशीराम उसके भाई पर पांच लाख रुपये देने के लिए दबाव बना रहा था। उसी सिलसिले में गत 12 अक्टूबर को गांव मांडी में पंचायत बुलाई गई थी। जिसमें उसका भाई आशीष भी गया था। खुशी राम ने उसके भाई पर पांच लाख रुपये देने के लिए दबाव बनाया। जबकि उसका भाई अढ़ाई लाख रुपये बकाया होने की बात करता रहा। उसी दौरान उसका भाई उठ कर पानी पीने चला गया। जहां पर उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया।

## घायल अवस्था में मिला दुर्लभ प्रजाति का बाज

**वन विभाग ने किया रेस्क्यू उड़ने में पूरी तरह असमर्थ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



अहलूवालिया फार्म में उस समय हलचल मच गई जब फार्म परिसर में दुर्लभ प्रजाति का बाज घायल अवस्था में पाया गया। बाज उड़ने में पूरी तरह असमर्थ था और काफी कमजोर दिखाई दे रहा था। यह देखकर फार्म के प्रबंधक गौरव वालिया ने तुरंत इसकी सूचना वन्यजीव संरक्षण विभाग के अधिकारी जयवीर नेहरा और वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वन्यजीव संरक्षण विभाग के अधिकारी जयवीर नेहरा ने अपने कर्मचारी रणबीर सिंह वन कर्मियों की टीम के साथ मौके पर भेजा और घायल बाज का रेस्क्यू किया। रणबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह लॉन्ग लेजर प्रजाति का बाज है, जो अब लगभग विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति के पक्षी बहुत कम दिखाई देते हैं और यह बाज संभवतः किसी कारणवश उड़ते हुए घायल हो गया था, जिसके चलते फार्म में आकर गिर गया।

**उपचार के लिए वन्यजीव उपचार केंद्र भिजवाया**

अधिकारियों ने घायल बाज को अपने कब्जे में लेकर उपचार के लिए स्योंसर जंगल स्थित वन्यजीव उपचार केंद्र में भिजवाया, जहां उसका प्राथमिक चिकित्सा उपचार किया जाएगा। बाज के स्वस्थ होने के बाद उसे पुनः प्राकृतिक आवास यानी जंगल में छोड़ दिया जाएगा। अहलूवालिया फार्म के प्रबंधक गौरव वालिया ने बताया कि जब उनके कर्मचारियों ने उन्हें जानकारी दी कि एक बाज घायल अवस्था में बैठा है तो उन्होंने तुरंत दो कर्मचारियों को उसकी सुरक्षा के लिए ड्यूटी पर लगा दिया ताकि कोई हिंसक जानवर या आवारा कुत्ता उसे नुकसान न पहुंचा सके। वन विभाग की टीम के मौके पर पहुंचने और बाज को सुरक्षित रूप से ले जाने के बाद कर्मचारियों में राहत की भावना रही। गौरव वालिया ने कहा कि ऐसे दुर्लभ पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे। अधिकारियों ने भी अपील की कि ऐसा कोई भी पक्षी घायल व असहाय दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत विभाग को दें।

---



पूंडरी। बैठक में मौजूद हलवाई यूनियन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**हर सामग्री की क्वालिटी जांचकर करें प्रयोग**

**पूंडरी।** हलवाई यूनियन की बैठक हाबडी रोड़ बबला कैटर्स के निवास स्थान पर हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान कृष्ण सैनी ने की। बैठक में हलवाइयों ने दिवाली के मौके पर बनाई जाने वाली मिठाइयों में किसी भी प्रकार की मिलावट करने वाले दुकानदार के खिलाफ खुद शिकायत करने का निर्णय लिया, जिसका सभी ने स्वागत किया। प्रधान ने बताया कि कस्बा में आज तक मिलावट का कोई भी मामला सामने नहीं आया, लेकिन गलती एक व्यक्ति करता है और छवि सभी दुकानदारों की खराब होती है। बताया कि दिवाली के मौके पर मिठाइयां बेचने के लिए कई नए लोग तैयार हो जाते हैं। बैठक में सख्त हिदायत देते निर्णय लिया कि दिवाली के मौके पर जो हलवाई मिलावटी खोया या पनीर से संबंधित मिठाइयां बेंचेगा, उस दुकानदार से यूनियन सख्ती से निपटेगी। हलवाइयों को संबोधित करते कहा कि वे मिठाइयों में प्रयोग होने वाली हर सामग्री की क्वालिटी जांचकर और कंपनी की ही इस्तेमाल करें। बैठक में कृष्ण सैनी, पूर्व प्रधान रघबीर सैनी, देव मिगलानी, ओमप्रकाश, सौरभ वालिया, तरुण गिरधर मौजूद रहे।

## 61.43 ग्राम चिट्टा, देसी पिस्तौल दो कारतूस सहित आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

**पुलिस का अभियान जारी आरोपी 5 दिन के रिमांड पर**

नशा तस्करों तथा अवैध असला अमुनेशन रखने वालो पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए थाना पुंडरी पुलिस द्वारा गांव पाई से सौंगल रोड़ से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 61.43 ग्राम चिट्टा, देसी पिस्तोल व 2 कारतूस बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया एसएचओ थाना पुंडरी इंस्पेक्टर शिवकुमार की अगुवाई में एसआई रामबीर सिंह की टीम सोमवार को रात्रिकालीन गश्त दौरान पाई से सोंगल रोड़ पर मौजूद थी। जहां पर सहयोगी सुत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि गांव पाई निवासी कुलबीर सिंह काफी समय से ग्राहकों को नशीला पदार्थ चिट्टा बेचने का काम करता है। जो अभी अपनी फिएट गाड़ी में नशीला पदार्थ स्मैक/ चिट्टा बचने के लिए गांव पाई सड़क से होते हुए सोंगल की तरफ जाएगा। अगर तुरंत गांव पाई से सौंगल रोड़ पर नाकाबंदी की जाए तो आरोपी को नशीला चिट्टा/ स्मैक सहित काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस द्वारा रेडिंग पार्टी का गठन करके मुस्तैदी व तत्परता का परिचय देकर त्वरित कार्रवाई दौरान गांव पाई से सौंगल रोड़ पर नाकाबंदी करके सोंगल की तरफ से आई फिएट गाड़ी को रुकवाकर संदिग्ध आरोपी कुलबीर को काबू कर लिया गया। व्यापक पूछताछ के लिए आरोपी का मंगलवार को न्यायालय से 5 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।



कैथल। सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश कार्यक्रम को संबोधित करते ।

**36 लाभार्थियों को आवंटित किए प्लॉट**

**कैथल।** मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना (एमएमएजीएवाई 2.0) के तहत जिले के नौच ग्राम पंचायत के 36 लाभार्थियों को मंगलवार को जिला परिषद के हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन ड्रा द्वारा प्लॉट आवंटित किए गए। प्लाटों का आबंटन फेज दो के तहत किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के फेस-2 के तहत नौच ग्राम पंचायत में कुल 90 लाभार्थी पात्र थे, इनमें से 36 लाभार्थियों को मंगलवार को प्लॉट आबंटित किए गए। बाकी बचे हुए लाभार्थियों को भविष्य में प्लाट आबंटन किए जाएंगे। सभी आवंटन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पारदर्शी डिजिटल सिस्टम के माध्यम से किए गए। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही। जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से प्लॉट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

---

**आदेश** | विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने दोहरी शिफ्ट में चलने वाले स्कूलों का समय बदला

## आज से दोपहर वाली शिफ्ट का समय 12:40 से लेकर शाम 5:15 तक रहेगा

दूसरी शिफ्ट के समय में जो बदलाव किया गया है यह बदलाव 15 फरवरी तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा दोहरी शिफ्ट में चलने वाले स्कूलों के दोपहर वाली शिफ्ट के समय में बदलाव किया गया है। 15 अक्टूबर से दोपहर वाली शिफ्ट का समय दोपहर 12 बजकर 40 मिनट से लेकर शाम पांच बजकर 15 मिनट तक रहेगा। जबकि पहले पौने एक बजे से लेकर शाम सवा छह बजे तक स्कूलों का समय रहता था। बाकी सभी स्कूलों के समय में 15 नवंबर से बदलाव होगा। 15 नवंबर से स्कूलों का समय सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक रहेगा। वहीं डबल शिफ्ट स्कूलों में पहली शिफ्ट का समय सबुह सात बज कर 55 मिटर से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक रहेगा। जबकि पहले सुबह सात बजे लेकर साढ़े 12 बजे तक का समय रहता था। जींद शहर में दो स्कूल डबल शिफ्ट में चल रहे हैं, जिसमें से एक स्कूल भिवानी रोड स्थित बाल आश्रम व दूसरा स्कूल रेलवे जंक्शन स्थित स्कूल है। दूसरी शिफ्ट के समय में जो बदलाव किया गया है यह बदलाव 15 फरवरी तक रहेगा। गौरतलब है कि एकल शिफ्ट वाले स्कूलों में गर्मियों में सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक स्कूल का समय रहता है।

**दोपहर वाली शिफ्ट का बदला समय**

जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने बताया कि अब 15 अक्टूबर से दूसरी शिफ्ट का समय दोपहर 12 बजकर 40 मिनट से लेकर शाम सवा पांच बजे तक रहेगा। जबकि अन्य राजकीय विद्यालयों का समय 15 नवंबर से बदलेगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा दोहरी शिफ्ट में चलने वाले स्कूलों की दोपहर वाली शिफ्ट के समय में बदलाव किया गया है। पहले दोपहर वाली शिफ्ट का समय दोपहर पौने एक बजे से लेकर शाम सवा छह बजे तक रहता था।

**छात्रों को राहत**

सर्दियों के मौसम में शाम छह बजे के आसपास अंधेरा होना शुरू हो जाता है। जबकि गर्मियों के मौसम में शाम सात बजे के बाद अंधेरा होना शुरू होता है। सर्दियों के मौसम में अंधेरा होने पर विद्यार्थियों के साथ कोई भी अप्रिय घटना होने का डर बना रहता है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में दूसरी शिफ्ट वाले विद्यार्थियों के समय में बदलाव किया गया है। ऐस में अंधेरा होने से पहले विद्यार्थी घर पर आसानी से पहुंच सकेगें। जिलेभर में 723 राजकीय स्कूल स्कूल हैं जिसमें से 423 प्राइमरी स्कूल हैं। जिलेभर के राजकीय स्कूलों में लगभग एक लाख विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं।



कैथल। खिलाड़ी गौरव को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

**बलवंती के आर्यन का कबड्डी टीम में चयन**

**कैथल।** राजकीय वमावि बलवंती के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर्यन ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर भारतीय अंडर-18 बॉयज़ कबड्डी टीम में स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। आर्यन आगामी यूथ एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भारत की टीम का नेतृत्व कप्तान के रूप में करेंगे, जो 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक बहरीन में आयोजित की जाएगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्रीड़ा भारती द्वारा नई दिल्ली के अंबेडकर भवन में विजय भव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। वहीं हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने बच्चों में नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और उड़न परी पीटी ऊषा, ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, और क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी दीपक उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने भारतीय टीम को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप

### उचाना खुर्द में क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से

**उचाना।** उचाना खुर्द में पांच दिवसीय विशाल क्रिकेट लेदर-20 प्रतियोगिता 17 अक्टूबर से आयोजित होगी। नरेंद्र, सतीश ने बताया कि विजेता टीम को 31 हजार, द्वितीय को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। मोर्कट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, समाज सेवी दिलबाग संडील रामनिवास, धर्मबीर भी प्रतियोगिता में अलग-अलग दिन पहुंचेंगे।

### मांगों को लेकर मिशन निदेशक से वार्ता 17 को

**जींद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की मांगों को लेकर मिशन निदेशक से 17 अक्टूबर को वार्ता करेगी। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला, उप प्रधान सुदेश देवी ने बताया कि एसोसिएशन ने एनएचएम में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर छह नवंबर को सभी सिविल सर्जन कार्यालयों पर रोष प्रदर्शन का ऐलान किया था।

### बाल विवाह के खिलाफ सघन अभियान चलाएगा संगठन

**जींद।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाह के खात्मे के लिए काम कर रहे नागरिक समाज संगठन एमडीडी आफ इंडिया ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा को सौंपे गए एक ज्ञापन में जिले में दीवाली से 26 जनवरी तक बाल विवाह के खिलाफ एक सघन और व्यापक अभियान चलाने में सहयोग मांगा है। ज्ञापन में कहा गया कि कि केंद्र सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के लगभग एक साल पूरे होने जा रहे हैं।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में भारत जानो प्रतियोगिता

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन कन्या वममावि में भाविप के तत्वावधान में भारत को जानो लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया गया। छठी से आठवीं तक जूनियर वर्ग व कक्षा नौवीं से 12वीं सीनियर वर्ग। विद्यालय के लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया।

### पराली जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति घटेगी

**उचाना।** फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर एसडीएम दलजीत सिंह ने कहा कि पराली जलाना न केवल वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता को भी हानि पहुंचाता है, जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने से बचें और जैविक या यांत्रिक पराली प्रबंधन के उपाय अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

### अबतक 74,797 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में धान की खरीद प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ जारी है। किसानों की हर सुविधा का ध्यान रखते हुए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। बताया कि गत दिवस तक कुल 74,797 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें नरवाना मंडी अग्रणी रही है।

### सदभाव यात्रा में चल रहे है राकेश श्योकंद

**उचाना।** कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह पांच अक्टूबर से दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे से पूरे प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए पैदल निकले है। इस यात्रा के उनके साथ कदम से कदम मिलाकर युवा कांग्रेस नेता एवं उनके करीब साथियों में शामिल राकेश श्योकंद उचाना खुर्द कदम से कदम मिलाकर चल रहे है।

### 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा : देवेंद्र

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश पूरे देश में सबसे अधिक 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने वाला प्रदेश है। पीआर धान की खरीद सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा किसानों की मांग पर जल्द शुरू की। पीआर धान का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। अब तक बीते साल के मुकाबले उचाना मंडी में कई गुणा अधिक पीआर धान की खरीद हो चुकी है।

### अंतर जिला आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता शिल्पदीप का आयोजन

# केएम राजकीय कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

### प्रतियोगिता में राजकीय कॉलेजों की 14 टीमों ने लिया भाग

**प्रतियोगिता छुपी सृजनात्मकता व प्रतिभा को निखारने में सहायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

केएम राजकीय कालेज नरवाना में दीपावली के अवसर पर अंतर जिला आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता शिल्पदीप. 2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैथल, हिसार फतेहाबाद व जींद जिले के राजकीय कॉलेजों की 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की ओवरऑल ट्रॉफी केएम राजकीय कॉलेज नरवाना ने जीती। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि दीप केवल वस्तु नहीं बल्कि वह प्रकाश ज्ञान आशा और संस्कार का प्रतीक है। दीप मनुष्य की सृजनात्मकता व आध्यात्मिक चेतना दोनों को प्रकाशित करता है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में छुपी सृजनात्मकता व उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक होगी।


नरवाना। विजेती टीम के बच्चे ट्रॉफी के साथ। फोटो :हरिभूमि

**सौरभ व विशाखा की टीम प्रथम**

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ मीना ने बताया कि विद्यार्थियों ने बेकार वस्तुओं से सुंदर.सुंदर वस्तुए दीया सजानाए बर्तन सजानाए रंगोलीए क्ले मॉडलिंगए गिफ्ट रैपिंग आदि में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका राजकीय महाविद्यालय हिसार से डॉ मीरा, डॉ स्वीटी मोंगा, डॉ किरण सेन, हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद से डॉ तनु रानी, राजकीय महाविद्यालय कलायत से डॉ रूपेंद्रए एसएडीण गर्ल कॉलेज उचाना से प्रोफेसर नीरू बंसल ने निभाई कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर कनिका सीकरी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का परिणाम जारी करते बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के सौरभ व विशाखा की टीम प्रथम राजकीय महाविद्यालय जींद की सक्षम व मोनिका की टीम द्वितीय तथा कपिल मुनि राजकीय महाविद्यालय कलायत की जूली व प्रीति की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बर्तन सजावट में मुस्कान व मोनिका के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की टीम प्रथम राजकीय महाविद्यालय कलायत की सोनिया व सुनैना की टीम द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय नरवाना अंजू व तमन्ना की टीम तृतीय स्थान पर रही।

**मुस्कान व नीतिका तृतीय**

दीया पेंटिंग व डेकोरेशन में नरवाना की विभा व सलीमन प्रथम एराजकीय महाविद्यालय कलायत की सुनैना द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय जींद के वंश तृतीय स्थान पर रहे। तोरण वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय जुलाना की अमृता व मनीषा प्रथमए राजकीय महाविद्यालय नरवाना के मोहित व महक द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय धनोरी की तमन्ना व अंजलि तृतीय स्थान पर रही। गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय नरवाना के मनप्रीत एवं ममता ने प्रथमए राजकीय महाविद्यालय नरवाना के ही मान्यता व तनु रानी ने द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय धनोरी की अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कल कल मॉर्निंग प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय जींद की शगुन प्रथमए राजकीय महाविद्यालय नरवाना की निकिता व महक द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय नरवाना की ही मुस्कान व नीतिका ने तृतीय स्थान पर रही।

**ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग स्पर्धा में आरती अंजलि अव्वल**

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में राजकीय कालेज नरवाना के मोहन व सौरभ ने प्रथम राजकीय कालेज भूना के दीपांशु ने द्वितीय तथा राजकीय कालेज नरवाना की अनू व दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैंडल व लैंप मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय कालेज नरवाना की संजू व नीरज प्रथम, राजकीय कालेज धनोरी की प्रीति व रानी ने द्वितीय तथा राजकीय कालेज नरवाना की सपना व दीपांशी तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय कालेज नरवाना की आरती व अंजलि ने प्रथम स्थान तथा राजकीय कालेज नरवाना की ही अंजलि व खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका डॉ मीना ने आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। अवसर पर मेजर सुरेंद्र कुमार, सज्जन कुमार, जयपाल आर्य, डॉ राजवीर नैन, प्रोमिला कमलजीत, गीता एकविता, सुनील कुमार आदि समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर कुलपति से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। कुलपति ने कार्यकर्ताओं को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने बताया कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हजारों छात्र व छात्राओं और स्टाफ को पासपोर्ट बनवाने के लिए जींद से बाहर अन्य जिलों में जाना पड़ता है। जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है।


जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

यदि विवि परिसर में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित किया जाता है तो विद्यार्थियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और युवाओं को विदेश अध्ययन, रोजगार व अन्य अवसरों के लिए आवश्यक दस्तावेज आसानी से मिल सकेंगे। विवि में ही पासपोर्ट की सुविधा उपलब्ध होने से समय भी बचेगा और स्टाफ व छात्रों को विवि में ही सुविधा उपलब्ध होगी और उन्हें दूर भी नही जाना होगा। पासपोर्ट बनने की उपलब्धता से हर छात्र यहां आसानी से पासपार्ट बनवा सकेगा। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक रुख दिखाते कहा कि इस विषय पर संबंधित विभागों से चर्चा कर विवि स्तर पर पहल की जाएगी। आशीष मलिक, रविंद्र बडौदा, मंजीत खोखरी, सचिन राठी, सोनू साहू समेत और भी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जींद। समूह गान प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### जिलास्तरीय समूहगान प्रतियोगिता

**जींद।** बाल भवन में जिला स्तरीय समूहगान प्रतियोगिताओं का शुभारंम्भ जिला बाल कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। मंगलवार को देशभक्ति समूहगान गीत प्रतियोगिता मे जिलेभर से 65 स्कूलों के लगभग 480 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी स्कूली बच्चों को बाल भवन में होनी वाली प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं 11 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक बाल भवन में आयोजित की जाएंगी। आज की प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बाल भवन जींद की तरफ से भेजा जाएगा और जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह में उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### युवा महोत्सव को लेकर आईटीआई में बनाई टीमें

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्षता और उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के नेतृत्व में 27 व 28 अक्टूबर को प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय जींद में जिला स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई जींद के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में लोक कला, लोक नृत्य, लोक संगीत और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोडना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान की ओर से विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं जो जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा गांव-गांव जाकर युवाओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगी। ये टीमें महोत्सव से संबंधित जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराएंगी। इच्छुक युवा इस कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### प्रिया ने प्रथम आरती ने पाया दूसरा स्थान

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की ओर से प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा के नेतृत्व में जींद में आयोजित जिला स्तरीय रेड रन में 21 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने प्रथम व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आरती ने दूसरा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। बताया कि यह प्रतियोगिता जींद के छोटू राम किसान कॉलेज में आयोजित हुई जिसमें पूरे जींद जिले के विभिन्न कॉलेजों से विद्यार्थी भाग लेने आए हुए थे। कहा कि हमारे कालेज की छात्राएं हर क्षेत्र में अग्रणी रहती हैं। रेड रिबन क्लब की कन्वीनर डॉ अनीता ने बताया कि राज्य स्तर पर ये प्रतियोगिता 16 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर यही प्रतियोगिता 30 को नागालैंड में आयोजित होगी। उन्हें विश्वास है कि हमारी यह दोनों छात्राएं विभिन्न पड़ावों को पार करते राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली दौड़ प्रतियोगिता में भी भाग लेगी।



नरवाना। जिला स्तरीय रेड रन में भाग लेने वाली बच्चे अधिकारियों के साथ।

### निबंध लेखन में बीए तृतीय वर्ष की नीरज प्रथम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के लोक प्रशासन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने एवं संचालन लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डा. रचना दलाल ने किया। एनजीओ एवं कनाडा सरकार की महिला मंत्री श्रोना एम्ब्रोस के प्रयास स्वरूप 19 दिसंबर 2011 को संयुक्त राष्ट्र ने इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र के निर्णय के आधार पर 11 अक्टूबर को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। डा. रचना दलाल ने कहा कि हर साल 50 से ज्यादा देशों में इस दिवस को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में नीरज बीए तृतीय वर्ष प्रथम, मनीषा बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, रेनू बीए तृतीय वर्ष एवं साक्षी लाठर बीए प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही।

### खोखरी में खुला बाल सलाह परामर्श केंद्र

**जींद।** बाल किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी, हार्मोनल बदलाव, सामाजिक परिवेश की समझ विकसित करने को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोखरी में 73वें बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र की स्थापना की गई। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक व राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने बाल सुरक्षा और जागरूकता खेल गतिविधियों के माध्यम से किशोरों को पढ़ाना विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित किया। किशोर विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल किशोरों की उम्र विशेष को ध्यान रखते खेल विधियों और खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित कर के सुरक्षित रुचिकर उनकी प्रतिभागिता को बढ़ा कर उसमें संज्ञानात्मक ज्ञान बढ़ाया जा सकता है। साथ ही अनेकों खेल विधियां ऐसी हैं, जिनमें बाल किशोरों को अपनी भावनाओं को समझने दूसरों को संवाद करने टीम वर्क और सामाजिक मुद्दों की पहचान करने में मदद मिलती है। चिंताजनक स्थिति यह है कि बाल शोषण की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### जल्द खुलेगा फ्री सिलाई प्रशिक्षण केंद्र

**नरवाना।** नारायण सेवा संस्थान उदयपुर की शाखा नरवाना का पुनर्गठन किड्स मैलोडी स्कूलए नरवाना में आयोजित एक बैठक के दौरान किया गया। सेवा विस्तार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गयाए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विवेक गर्गए राष्ट्रीय अध्यक्षए नारायण सेवा संस्थान ;कैथलद्ध ने शिरकत की। बैठक में नरवाना शाखा के विस्तार तथा आने वाले सेवा प्रकल्पों पर विस्तृत चर्चा की । दौरान डॉ राजेश गुप्ता ;फिजियोथैरेपिस्टद्ध को नरवाना शाखा का संरक्षक नियुक्त किया । शाखा प्रधान राजेंद्र गर्ग ने बताया कि जल्द ही महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की जाएगीए जिससे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने आगे बताया कि संस्थान द्वारा समय.समय पर ट्राई साइकिलए व्हीलचेयरए हियरिंग मशीन वितरणए कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण तथा दिव्यांग भाई.बहनों के निःशुल्क ऑपरेशन जैसे सेवा कार्य नियमित रूप से किए जाते हैं।



कार्यक्रम में डॉण राजेश गुप्ता को सम्मानित करते संस्था के सदस्य।


उचाना। एमडीएन स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर। फोटो :हरिभूमि

### पिता की याद में लगवाया फ्री मेडिकल कैंप

**उचाना।** पिता की याद में बेटे ने अलीपुरा गांव के एमडीएन स्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया। अलीपुरा गांव सहित आस-पास के पांच गांव के करीब 150 ग्रामीणोंने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप में अनुभवी डॉक्टरों की टीम राज आई केयर और श्री राम क्लीनिकल लैबोरेटरी द्वारा बच्चों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की।आंख, रक्तचाप, खून और शुगर सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित आवश्यक परामर्श भी निःशुल्क दिया। विद्यालय के प्रबंधक योगेश कुमार ने बताया कि उनके पिता एवं स्कूल संचालक सुरेश कुमार की जन्म दिवस पर स्वस्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। हर साल इस तरह के कैंप का आयोजन किया जाएगा ताकि ग्रामीणों एवं अभिभावकों के स्वास्थ्य की जांच हो सकें। आस-पास के गांव से ग्रामीण कैंप में पहुंचे।


जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### एथलेटिक्स की टीम ने जीते कई पदक

**जींद।** एथलेटिक्स हरियाणा की टीम ने भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक चार रजत पदक व एक कांस्य पदक सहित सात पदक जीते। इसमें जींद की कविता और तमन्ना ने मिक्स रिले रेस में रजत पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि 40वीं जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप भुवनेश्वर में एथलेटिक्स हरियाणा के 145 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव प्रदीप मलिक ने कहा कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का पांच दिवसीय आयोजन कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर में 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक किया गया। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 18 वर्षीय सीमा (भिवानी) ने हैप्टाथलान इवेंट में 4725 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक और मुस्कान (फतेहाबाद) ने 4203 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता प्राप्त किया। आरती (झज्जर) 200 मीटर दौड़ में 24 सेकेंड 25 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक विजेता बनी।

# पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर एसडीएम होशियार सिंह की अध्यक्षता में बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपमंडल क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करने और प्रत्येक सक्रिय अग्नि स्थल पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे को लेकर शपथ भी ली। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को पराली प्रबंधन के वैकल्पिक एवं पर्यावरण, अनुकूल उपायों के बारे में जागरूक करें।


जींद। किसानों को पराली न जलाने की शपथ दिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

कहा कि पराली प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई गई मशीनों एवं योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर समन्वय स्थापित किया जाए। एसडीएम ने कहा कि पराली जलाना न केवल वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है बल्कि यह मिट्टी की उर्वरता को भी हानि पहुंचाता है। जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने से बचें और जैविक या यांत्रिक पराली प्रबंधन के उपाय अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। कहा कि संबंधित कर्मी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर किसानों को पराली जलाने से होने वाले स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संबंधी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। बैठक में नायब तहसीलदार सिराजए जुलाना के बीडीपीओ प्रतीक सिंह, सहायक गन्ना विकास अधिकारी जींद, खंड कृषि अधिकारी जुलाना, गुण नियंत्रण निरीक्षक जींद, पटवारी, ग्राम सचिव तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


जींद। तैराकी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### खेलों में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता अंबाला में आयोजित की गई। जिसमें डीएन मॉडल स्कूल की छात्रा मन्नू ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में पूरे हरियाणा में द्वितीय स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए मन्नू का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। 50 मीटर बटरफ्लाई में मन्नू ने हरियाणा में तृतीय स्थान हासिल किया है। नव्या ने 200 मीटर बटरफ्लाई में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर इन खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों और प्राचार्या राज रेढू ने खिलाड़ियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### साबुन और पानी से हाथ धोने का बताया सही तरीका : राजेश

# पहला कदम फाउंडेशन ने मनाया ग्लोबल हेंड वाशिंग-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाथ धोना सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि जो लोग हमसे जुड़े हुए हैं, उनके स्वास्थ्य के लिए भी एक अच्छी आदत है। हाथ धोना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है, इसकी जानकारी हमें कोरोना महामारी के दौरान हो चुकी है। ये शब्द आज पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने ग्लोबल हेंड वाशिंग डे पर कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरसाना में शिरकत करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि सही तरीके से हाथों को धोकर बैक्टीरियल इंफेक्शन, डायरिया, निमोनिया, टाइफाइड जैसी कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। हाथ धोना हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, इसके बावजूद लोग सही तरीके से हाथों को धोते नहीं है और बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। लोगों का ध्यान हाथों को धोने के प्रति जागरुक करने के लिए हर साल 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाया जाता है। ग्लोबल हैंडवाशिंग डे को मनाने की शुरुआत 2008 में हुई थी। इस साल दुनिया के 70 से ज्यादा देशों में 120 मिलियन से ज्यादा बच्चों ने साबुन और पानी से हाथों को धोकर साफ हाथों का महत्व बताया था। उन्होंने बताया कि सबसे पहले हाथों को पानी से अच्छे तरीके से गीला कर लें। हाथों को पानी से गीला करने के बाद साबुन या हैंडवॉश लें और अपनी हथेलियों पर रगड़ें।


जींद। हाथ धोते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**स्वच्छता की शपथ दिलाई**

हथेलियों के अलावा उंगलियों को भी रगड़ें, ताकि वह भी कीटाणु मुक्त हो जाएं। अब हाथों को पानी के नीचे ले जाकर रगड़ते हुए साफ करें।हाथों को साफ करते हुए ध्यान दें कि साबुन सही तरीके से निकल गया है या नहीं। पानी से हाथों को धोने के बाद तौलिये या टिश्यू से पोंछकर सूखा लें। इस अवसर पर बच्चों के लिए हाथ धोने के सही तरीके पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गयी, बच्चों और अभिभावकों को स्वच्छता शपथ दिलाई व बच्चों को बताया कि अगर साबुन और पानी उपलब्ध न हो, तो कम से कम 60 प्रतिशत अल्कोहल युक्त हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल जरुर करें।इस अवसर पर सुखबीर,प्रमोद,प्रेम आदि ने भी बच्चों को प्रेरित किया ।


जींद। इंट्रा डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में विधि विभाग द्वारा इंट्रा .डिपार्टमेंट मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ प्रदान करना तथा उनकी अभिव्यक्तिए विश्लेषण एवं तर्कशक्ति को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में विभाग के विभिन्न विद्यार्थियों ने भाग लिया और न्यायालय जैसी वास्तविक परिस्थितियों का अनुकरण करते अपनी अधिवक्ता क्षमता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विधिक मुद्धों पर आधारित मुकद्में प्रस्तुत किए। युक्तिपूर्ण बहसें की और न्यायाधीशों की भूमिका निभाते निर्णय भी सुनाए। विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा ने आयोजन के सफल संचालन के लिए समस्त प्रतिभागियों, निर्णायकों और आयोजक समिति को बधाई दी। इस विभागाध्यक्ष प्रो. डा. कुलदीप नारा पर ने कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता छात्रों के लिए अपने अदालती कौशल को विकसित करने और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। हमें अपने छात्रों की प्रतिभा और कौशल पर गर्व है।

## खबर संक्षेप

### मकान की सील तोड़ने के आरोप में 3 नामजद

**कैथल।** कलायत पुलिस द्वारा कब्जा लिए गए मकान की सील तोड़कर अंदर घुसने के आरोप में एक महिला से ही तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विश्वकर्मा चौक कैथल के अधिकारी दीपक नायक ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि टीम द्वारा गांव खरक पांडवा के लहना सिंह के मकान को सील लगाई गई थी। आरोप है कि आरोपियों द्वारा 21 अगस्त 2025 को लहना सिंह, उसकी पत्नी संतोष तथा ऋषिपाल ने मिलकर लगाई गई सील को तोड़ते हुए मकान के अंदर घुस गए।

### ट्रैफिक रूल एप लिंक का मैसेज भेज 43 हजार ठगे

**कैथल।** चीका पुलिस ने एक युवक के मोबाइल पर ट्रैफिक रूल एप लिंक का मैसेज भेजकर अज्ञात आरोपी ने 43 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि लिंग पर क्लिक करते ही उसके मोबाइल में एक एप इंस्टॉल हो गई। उसमें डिटेल भरने पर उसके खाते से रुपए कट गए। गांव हरीगढ़ किंगन के विक्रमजीत ने चीका थाना में शिकायत दी है।

## विधायक बोले : 22 साल का ठेका ही भ्रष्टाचार की जड़

# कचरा उठाने की ट्रॉली में फिर मिला सीएंडडी वेस्ट

**सफाई व्यवस्था को लेकर भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगरपालिका सीवन में सफाई व्यवस्था को लेकर भ्रष्टाचार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को एक बार फिर एजेंसी सुगम स्वच्छता प्रा. लि. की ट्रॉली को जागरूक नागरिकों ने कचरे के साथ सीएंडडी वेस्ट से भरा हुआ पकड़ा। यह एजेंसी नगरपालिका क्षेत्र में कचरा संग्रहण और पृथक्करण का कार्य करती है, जिसे 22 वर्षों के लिए ठेका प्रदान किया गया है। घटना के दौरान नागरिकों ने पाया की ट्रॉली में कूड़े की साथ मिट्टी, कंक्रीट व टूटी टाइल भरी जा रही है। जब नागरिकों ने ट्रॉली चालक से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि ऐसा उसके सुपरवाइजर के निर्देश पर किया जा रहा है। लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया और यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और नगर में चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है। मामला सामने आने पर हल्का विधायक देवेंद्र हंस ने तुरंत नगरपालिका सचिव और जिला नगर आयुक्त से बातचीत की। विधायक देवेंद्र हंस ने पूरे मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब एक एजेंसी बार-बार फर्जीवाड़ा करती हुई कचरे की जगह ईंटें और अब मिट्टी भरकर वजन दिखा रही है, तो यह स्पष्ट है कि प्रशासनिक तंत्र पूरी तरह भ्रष्ट हो चुका है। अधिकारी अपनी जिम्मेवारी से नहीं भाग सकते हैं। जनता के टैक्स के पैसों की लूट रोकना उनकी जिम्मेदारी है। विधायक ने कहा कि 22 वर्षों के लिए किसी निजी एजेंसी को सफाई का ठेका देना अपने आप में खुला भ्रष्टाचार है। किसी भी एजेंसी को 22 साल का अनुबंध देना मतलब नगरपालिका की सफाई व्यवस्था को एक निजी कंपनी के कब्जे में सौंप देना है। यह जनता के हितों के खिलाफ और भाजपा सरकार की मिलीभगत का सीधा प्रमाण है।

■ ट्रॉली में कूड़े के साथ मिट्टी, कंक्रीट व टूटी टाइल भरी जा रही



सीवन। कचरा उठाने की ट्रॉली में भरा सीएंडडी वेस्ट।

**ट्रॉली के भाड़े को रद्द कर दिया**

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले की जानकारी उन्हें प्राप्त हुई थी। जिस ट्रॉली में सीएंडडी वेस्ट (निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट) भरा हुआ था, उस ट्रॉली के भाड़े को रद्द कर दिया गया है। साथ ही संबंधित सफाई कंपनी को चेतावनी पत्र भी जारी किया गया है। दीपक कुमार ने बताया कि हाल ही में इस कंपनी पर ₹22,500 का चालान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सीवन नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेती है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नगर वासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# राष्ट्र निर्माण में योगदान करें युवा: एसपी उपासना



कैथल। युवाओं को नशा न करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम।

■ शिक्षा व खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने की सलाह दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में शिक्षण संस्थानों सहित गांव-गांव जाकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की अगुवाई में इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत व सोनिया, एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार व गुरविंद्र की टीम द्वारा मंगलवार को कलायत के सरकारी स्कुल, बाल विकास पब्लिक स्कुल व कलायत में सभी वार्ड तथा गांव क्योडक में डोर टु डोर जाकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एसपी उपासना ने कहा कि इस दौरान युवाओं सहित आमजन को जानकारी दी जा रही है कि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इससे अपराध, घरेलू हिंसा, बेरोजगारी व बीमारियां बढ़ती हैं। युवाओं को नशे के दलदल में फंसने से रोकने के लिए शिक्षा व खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने की सलाह दी जा रही है।

# प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी जरूरी

■ सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट शिक्षण संस्थान, कैथल में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कैथल द्वारा सीपीआर जागरूकता सप्ताह के तहत विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान श्री राजकुमार बैनिवाल ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश सिंह ढिल्लों ने मुख्य अतिथि राजकुमार बैनिवाल, जिला रेड क्रॉस सचिव रामजीलाल, प्रशिक्षण अधिकारी डॉ बीरबल व प्राथमिक चिकित्सा होम नर्सिंग प्रवक्ता दीपक कुमार व अन्य प्रबंधन समिति सदस्यों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

राजकुमार बैनिवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा छात्र-छात्राओं को सीपीआर बारे प्रशिक्षण देना बहुत ही सराहनीय व सेवा का कार्य है। इसकी जानकारी होने पर हम किसी व्यक्ति जिसे अचानक हार्ट अटैक आ जाए या पानी में डूब जाए एक्सीडेंट हो जाए या सामान्य चलते हुए भी बेहोश हो जाए आदि विभिन्न समस्या होने पर प्राथमिक उपचार के माध्यम से मरीज को नया जीवनदान दे सकते हैं। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. बीरबल ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के स्वास्थ्य व बाल कल्याण विभाग द्वारा 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक सीपीआर जागरूकता सप्ताह मनाते हुए आमजन को सीपीआर बारे जागरूक करना है। कैथल में उक्त सप्ताह जिला उपयुक्त कैथल श्रीमती प्रीति के मार्गदर्शन व सचिव रामजीलाल के नेतृत्व में मनाया जा रहा है।





कैथल। डा. बीरबल दलाल विद्यार्थियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलबीर कैरो, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह, विक्रम सोंगल, रजत रापड़िया, जसवीर मानस, राजपाल गुहणा ,सनी चौशाला, स्वतंत्र पाल सिंह व कॉलेज स्टाफ सदस्य राजपाल चहल ,अनिल कुमार, डा. सुधीर कुमार, प्रदीप श्योकंद आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### देश भक्ति समूह गीत प्रतियोगिता आयोजित

**कैथल।** बाल दिवस 2025 के अवसर पर डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में बाल भवन में मंगलवार को एकल गीत व देश भक्ति समूह गीत प्रतियोगिताएं द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ समूहों में आयोजित करवाई गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में जिले के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर, 2025 को बाल भवन में पुरस्कृत किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मण्डल की भूमिका संगीत अध्यापक दीपक, नीलम, विशाल, वाणी द्वारा निभाई गई।

# दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में नारायण सेवा का कदम अतुलनीय: बलवान

■ दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क छात्रावास सुविधा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नारायण सेवा संस्थान द्वारा संचालित नारायण सेवा केंद्र, कैथल द्वारा आज दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क छात्रावास सुविधा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रमुख दानदाता बलवान ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ विवेक गर्ग, कैथल शाखा संयोजक दुर्गा प्रसाद, नरवाना शाखा संयोजक राजेंद्र पाल गर्ग, सेवा प्रचारक मनोज गर्ग, प्रवीन जिंदल, कैथल सेंटर इंचार्ज पंकज शर्मा एवं दिव्यागजन उपस्थित रहे। इस नई सुविधा का उद्देश्य ऐसे दिव्यांग विद्यार्थियों को सुरक्षित, समर्पित और सुलभ आवास उपलब्ध कराना है, जो नारायण सेवा केंद्र में व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए अन्य स्थानों से कैथल आते हैं। मुख्य अतिथि बलवान ने कहा कि दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में नारायण सेवा संस्थान का यह कदम अतुलनीय और प्रेरणादायक है।





कैथल। नारायण सेवा केंद्र में होस्टल का शुभारंभ करते बलवान व डा. विवेक गर्ग।

**ये सुविधाएं मिलेगी**

नारायण सेवा केंद्र के प्रतिनिधियों और डॉ विवेक गर्ग ने बताया कि यह छात्रावास पूर्ण रूप से नि:शुल्क है और इसमें रहने वालों के लिए भोजन, अध्ययन सामग्री, तथा आवश्यक चिकित्सकीय सहायता की भी व्यवस्था की है। पहल नारायण सेवा संस्थान की "सेवा ही संकल्प" भावना को जीवंत करती है और समाज में समान अवसर की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# विद्यार्थियों की कला को बखूबी परखते खुशहाल को मिला अव्वल पुरस्कार

■ अर्थशास्त्र विभाग ने 59वीं एडी श्रॉफ स्मृति भाषण प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने 59वीं ए.डी. श्रॉफ स्मृति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सूरज वालिया के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के वर्तमान परिवेश में काम आने वाले विषय पर पिछले 12 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों जैसे भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना, नौकरी देने वाले बनाम नौकरी चाहने वाले, क्या हमारी शिक्षा और कौशल कॉर्पोरेट मांग के अनुरूप है इत्यादि पर अपने विचार प्रस्तुत किए। 25 प्रतिभागियों में से 12 का चयन होने के बाद उन्होंने इन विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. कपिल जैन, सहायक प्रोफेसर, गणित, डॉ. राजेश जैन, अध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। विद्यार्थियों की कला को बखूबी परखते खुशहाल को 2500 रुपये का प्रथम पुरस्कार, पूजा को 1500 रुपये का द्वितीय पुरस्कार एवम स्नेह को 1000 रुपये का तृतीय पुरस्कार देने के लिए चयनित किया।



कैथल। प्रतियोगिता में भाग लेते आरकेएसडी कालेज के विद्यार्थी।

# जोनल युथ फ़ेस्टिवल में छाई महिला महाविद्यालय की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत की छात्राओं ने इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज लाडवा में चल रहे 48 वे ज़ोनल युथ फ़ेस्टिवल में भाग लिया । यह फेस्टिवल युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सौजन्य से 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया ।इस फ़ेस्टिवल में महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया तथा दो विधाओं रिचुअल तथा वेस्टर्न वोकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुनील गर्ग ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रितु देवी ने बताया कि समय - समय पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है तथा महाविधालय स्तर पर प्रतिभावान छात्राओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए दूसरे महाविद्यालयो विश्वविधालयों में लेकर जाया जाता है ।





ज़ोनल युथ फ़ेस्टिवल में भाग लेती छात्राएं

### विद्यार्थियों को लाइव टेलीकास्ट दिखाया

**कैथल।** विकसित भारत बिल्डथान को लेकर जिला कैथल के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में यह कार्यक्रम दिखाया गया जिससे बच्चों में बड़ा उत्साह पाया गया। विद्यार्थियों ने नए-नए इनोवेटिव आइडिया को देखा। उन्होंने बताया कि जिला कैथल के सभी सरकारी एवं निजी 485 विद्यालयों के 1407 टीम गठित हुई हैं जिसमें 4533 विद्यार्थियों को रजिस्टर्ड किया गया है। अब यह टीम में तथा विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक अपने-अपने आइडिया की 2 मिनट की वीडियो पोर्टल पर अपलोड करेंगे। विकसित भारत बिल्डथान को लेकर मॉनिटरिंग में लगाई गई ड्यूटी का सभी ने बहुत अच्छे से कार्य किया।

# खाटू श्याम और सालासर धाम के लिए नि:शुल्क सेवा की चौथी बस रवाना



विधायक आदित्य सुरजेवाला ने श्याम ध्वज लहराकर बस को रवाना करते।

**कैथल।** कैथल से खाटू श्याम और सालासर धाम के लिए संचालित नि:शुल्क बस सेवा के तहत गतदिवस चौथी बस को विधायक आदित्य सुरजेवाला ने श्याम ध्वज लहराकर रवाना किया। इस मौके पर भारी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे जिन्होंने आदित्य सुरजेवाला को पटका और श्याम टोपी पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। यह बस सेवा पूरी तरह नि:शुल्क है, जिसमें श्रद्धालुओं के रहने, खाने, पीने और आने-जाने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। इस पहल को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल की जनता की सेवा करना सुरजेवाला परिवार का सौभाग्य है। जब भक्तजन बिना किसी चिंता के श्रद्धा से दर्शन के लिए जाते हैं, तो वही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने आगे बताया कि आने वाले महीनों में हरिद्वार के लिए भी नि:शुल्क बस सेवा शुरू की जाएगी, ताकि श्रद्धालु गंगा स्नान व धार्मिक स्थलों के दर्शन आसानी से कर सकें। सुरजेवाला ने कहा कि खाटू श्याम और सालासर धाम पर जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### सरकारी कॉलेज में जागरूकता साइबर कार्यक्रम

**कैथल।** साइबर जागरूकता माह के तहत थाना साइबर क्राइम के एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु के नेतृत्व में टीम द्वारा बीआर अंबेडकर सरकारी कॉलेज कैथल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ को बढ़ते साइबर अपराधों के तरीकों से अवगत करवाते हुए उनसे बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए। कार्यक्रम में टीम ने समझाया कि साइबर ठग नकली लिंक, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स एवं पार्ट टाइम जॉब ऑफर जैसे झांसे देकर लोगों से ठगी करते हैं। इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी किसी को साझा न करें तथा संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाना साइबर क्राइम को सूचित करें। एस एच ओ ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का प्रयोग करने तथा डिजिटल पेमेंट करते समय सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है, इसलिए खुद भी सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।



कैथल। साइबर क्राइम के एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन और आईबीएम के बीच ऐतिहासिक एमओयू

# ढांड महाविद्यालय की बेटियों को मिलेगा एआई प्रशिक्षण

**कार्यक्रम सांसद नवीन जिन्दल के विजन और घोषणा के अनुरूप शुरू किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, ढांड-डडवाना में शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। शनिवार को कॉलेज परिसर में नवीन जिन्दल फाउंडेशन और विश्वविख्यात कम्पनी आईबीएम के बीच "इनोवेशन सेंटर फॉर एजुकेशन" कार्यक्रम के अंतर्गत एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम सांसद नवीन जिन्दल के विजन और घोषणा के अनुरूप शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र की बेटियों को नई तकनीकों में दक्ष बनाकर आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाना है।इस समझौते के तहत आईबीएम, अपने साझेदार ट्रांस न्यूरॉन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कॉलेज की 152 छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शॉर्ट टर्म कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह प्रशिक्षण ऑफलाइन मोड में कॉलेज कैंपस में ढाई से तीन महीने की अवधि के लिए आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आईबीएम के विषय विशेषज्ञ छात्राओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली सभी छात्राओं को आईबीएम का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।नवीन जिन्दल फाउंडेशन (स्किल डेवलपमेंट) से कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि यह पहल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की छात्राओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवतियों को ऐसे आधुनिक कौशलों से लैस करना है, जो उन्हें डिजिटल युग की बदलती कार्यशैली में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मकता प्रदान करें।



ढांड। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, ढांड-डडवाना समिति के चेयरमैन तेजबीर सिंह नवीन जिन्दल फाउंडेशन के साथ एमओयू करते हुए।

**ये रहे मौजूद**

महाविद्यालय के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने कॉलेज के डिग्री वितरण समारोह में छात्राओं की शिक्षा को नई दिशा देने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि सांसद जिन्दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'कौशल विकास' के प्रयासों को गति देते हुए सदैव युवाओं और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दी है। इस पहल से न केवल छात्राओं का आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी, बल्कि वे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना भी मजबूती से कर सकेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राध्यापक एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### अमर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी



**राजौंद।** गांव किठाना के अमर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने अंडर 11 में बाजी मारकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में प्रीत ने 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान व 200 मीटर रेस में भी प्रथम स्थान रिले रेस में प्रीत, कार्तिक, वीरेन, हर्ष ने प्रथम स्थान, नैना ने 400 मीटर रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, हुनर ने 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान,हर्ष ने शॉट पुट में तृतीय स्थान व वीरेन ने लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या प्रियंका व प्रबंधक सरोज ने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूजा, प्रीति, सुषमा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बाल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



**राजौंद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन कैथल में जिला स्तरीय बाल में सत्या भारती स्कूल शेरू खेड़ी के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान हस्तलिपि प्रतियोगिता में रिहान कक्षा 5वीं, पावनी कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने मिट्टी मॉडलिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

## चीका में रिश्वत मांगने के मामले में पार्षद की ऑडियो और वीडियो भी आई

# शिकायतकर्ता ने विजिलेंस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

चीका में रिश्वत कांड में मांग : दो अन्य पार्षदों पर भी होनी चाहिए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

फालोअप

कैथल जिले के चीका में 50 लाख रुपये रिश्वत मांगने के मामले में पकड़े गए भाजपा पार्षद जितेंद्र कुमार की ऑडियो और वीडियो भी सामने आई है। जिसमें आरोपी पार्षद शिकायतकर्ता से 60 लाख रुपए मांग रहा है। बाद में 50 लाख रुपए में डील पक्की कर देता है। वहीं एक वीडियो में आरोपी पार्षद व उसके पिता गुहला के पूर्व विधायक ईश्वर सिंह के साथ उनके पेट्रोल पंप ऑफिस में बैठे हुए दिखाई देते हैं। जिसमें आरोपी पार्षद का पिता पूर्व विधायक से कुछ पैसे लेते हुए दिखाई देता है। हालांकि इस बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता कि ये पैसे रिश्वत के रूप में लिए थे या कोई अन्य लेनदेन था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसीबी ने वीडियो की डीवीआर भी अपने कब्जे ली हुई है लेकिन अभी तक इस एंगल से जांच नहीं की गई। ऑडियो वॉइस मिलान के आधार पर अब तक केवल एक आरोपी पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जबकि रिकॉर्डिंग में आरोपी पार्षद दो अन्य पार्षदों के नाम के पैसे मांग रहा है, वहीं अब तक की करवाई पर शिकायकर्ता विजय ने सवाल उठाए हैं।

### पेट्रोल पंप से एक लाख ले जाने का आरोप

भ्रष्टाचार मामले में शिकायतकर्ता चीका के विजय सिंगला ने एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला के पुलिस अधीक्षक को दी पर शिकायत में बताया कि नगर पालिका चीका की चेयरपर्सन में उप प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर पार्षद जितेंद्र कुमार वार्ड नंबर 14, हरीश कुमार पार्षद वार्ड नंबर 12, राजेश कुमार पार्षद वार्ड नंबर 9 द्वारा 60 लाख की डिमांड कर रहे थे। इस बारे में उसके द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला को सूचना दी गई। यही नहीं 50 लाख रुपए में तीन पार्षद अविश्वास प्रस्ताव में शामिल नहीं होंगे की जितेंद्र कुमार के साथ बातचीत हुई। एक अन्य रिकॉर्डिंग में भी पार्षद जितेंद्र कुमार के साथ राजेश कुमार से बातचीत हुई। वीडियो रिकॉर्डिंग में पेट्रोल पंप पिहोवा से जितेंद्र कुमार पार्षद व उनके पिता एक लाख रुपए लेकर आए थे। ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच के बाद 13 अक्टूबर को जितेंद्र कुमार पार्षद को गिरफ्तार किए जाने से उसका हौसला बढ़ा। उन्होंने दो अन्य पार्षदों को भी गिरफ्तार करने की मांग की।

### दो और पार्षदों के बारे में जानकारी दी

उसमें जितेंद्र ने अपने साथ-साथ दो और पार्षदों के बारे में जानकारी दी थी। इस दौरान पार्षद जितेन्द्र कुमार ने अपने दो अन्य पार्षद साथियों के साथ विजय से संपर्क किया और कहा कि वे प्रस्ताव के विरोध में वोट देंगे, लेकिन इसके बदले 50 लाख रुपए की राशि चाहिए। विजय कुमार के अनुसार तीनों पार्षदों ने 6 लाख रुपए पहले नकद देने की मांग की थी और बाकी रकम बाद में लेने की बात कही।

### अविश्वास प्रस्ताव को लेकर देनी थी वोट

बता दें कि कैथल के चीका में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 50 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में बीजेपी पार्षद को गिरफ्तार किया था। जितेंद्र कुमार चीका नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 से पार्षद है। रोपी ने ऑडियो में दो और पार्षदों के नाम का कबूलनामा किया है। इनसे भी एसीबी जल्द ही पूछताछ भी करेगी। जून माह में विजय कुमार नाम के एक व्यक्ति ने एसीबी को शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि वार्ड नंबर 14 का पार्षद जितेंद्र कुमार, नगरपालिका वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा के पक्ष में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोट देने के एवज में 50 लाख रुपए मांग रहा था।

### ऑडियो में ये हुई बातचीत

विजय - पहले आप ये बताओ की क्या मांगते हो ? उसके के बाद बात करने का फायदा है।
जितेंद्र - मैंने आपको बताया तो है कि उन लोगों ने 20-20 लाख रुपए की डिमांड की थी। कुल 60 लाख मांगे थे। बाद में उन्होंने कहा कि तू 50 लाख रुपए तीनों के लिए ले ले। मैडम जहां कहेगी, वहीं जाने को तैयार हैं।
विजय - अगर हमारी मौके पर बात फाइनल हो गई तो मैं अगले से बात कर लूं, अगर कोई मीटिंग हो गई तो साथ जाना पड़ेगा।
जितेंद्र - अगर पैसे मिल गए तो मैडम के साथ खड़े मिलेंगे। अगर मैं अकेला जाउंगा तो फिर उसका फर्क पड़ेगा।
विजय - तेरा वार्ड 14 हो गया और बब्बू का क्या हुआ?
जितेंद्र - बब्बू का वार्ड 12 और दूसरे का नौ है। मैडम उनको कह रही है। बीच में किसी का फोन आ गया।
विजय - यानी कि तीनों के 50 लाख समझो, बाद में घटा जोड़ कर लेंगे।
जितेंद्र - अगले ने मैडम से बात करने के लिए कहा है,वे मैडम के पास जाकर नेम धर्म कर लेंगे।
विजय - रुपयों का क्या सिस्टम रहेगा।
जितेंद्र - रुपए कैश लेंगे।
विजय - किस्त में लेंगे या किसी और तरीके से
जितेंद्र - पैसे कैश लेंगे। जो कमिटमेंट हो गई, उसके अनुसार पैसे लेंगे। जहां मर्जी बुलाओ वहीं खड़े होंगे। फिर तो एक तरफ होना पड़ेगा। जो हमारी बात हो रही हैं, वे लीक हो रही हैं। मैडम नाराज हो रही हैं।
विजय - मैं मैडम से यहीं बात करूंगा। वे यहीं आएंगी सामने।
जितेंद्र - आजकल में हमें फाइल करके बता दो, ताकि हम एक तरफ हो सकें। कुछ लिया दिया है नहीं, पहले ही बदनामी हो रही है।
विजय - चलो मैं बात करता हूं, सुबह मैडम को बुलाकर बात करूंगा।
जितेंद्र - डील करनी है तो समाणा जाकर कर लेंगे। अगलों ने तो यह कहा है कि हमें तो पैसे दो।
विजय - अगर आपको दिक्कत है तो बीच में बंदा ले लो।
जितेंद्र - नहीं कोई दिक्कत वाली बात नहीं है।
विजय - मैं मैडम से बात करूंगा, लेकिन फिर कोई किंतु परंतु नहीं होना चाहिए।
जितेंद्र - कोई दिक्कत नहीं आप कर लेना

विजय ने यह पूरी बातचीत गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर ली और सबूतों सहित विजिलेंस को सौंप दी। पार्षद जितेन्द्र कुमार की आवाज का मधुबन स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री में वॉयस मैच टेस्ट कराया गया, जिसमें रिकॉर्डिंग की आवाज उससे मेल खा गई।

# राज्यस्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता संपन्न



जींद। प्रतियोगिता में टीम के साथ मुख्यअतिथि।

- हैंडबाल अंडर 17 लड़कियों की प्रतियोगिता में जींद ने हिसार को दी मात, बना विजेता
- हैंडबॉल अंडर 14 में कैथल की टीम को प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतयोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता रुद्राक्ष मिढ़ा, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा और डिप्टी डीईओ किरण ने शिरकत की। मंगलवार को अर्जुन स्टेडियम में आयोजित लड़कियों की हैंडबॉल प्रतियोगिता में अंडर 14 कैथल ने जींद को 19-12 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हिसार ने भिवानी को 8-2 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर 17 लड़कियों में जींद ने फाइनल में हिसार को 18-15 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रोहतक ने कैथल को 17-8 से हरा कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 आयु वर्ग लड़कियों में कैथल ने जींद को 22-14 से हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिसार ने पलवल को 9-1 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### खो खो प्रतियोगिता में कैथल जीता

इसके अलावा लड़कों की अंडर 14 खो-खो प्रतियोगिता में कैथल ने चरखी दादरी को 11-6 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जींद ने पानीपत को 11-10 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं खो-खो अंडर.14 आयु वर्ग लड़कियों में जींद ने कैथल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 लड़कियों में कैथल ने प्रथम झज्जर ने दूसरा व फतेहाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की अंडर 19 आयु वर्ग में पानीपत ने पहला, कैथल ने दूसरा व जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 लड़कियों में जींद ने पहला, हिसार ने दूसरा व कैथल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की अंडर 17 लड़कों में कैथल ने पहला, जींद ने दूसरा व चरखी दादरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने विजेताओं को बधाई दी।

# कन्या महाविद्यालय में दिवाली स्पेशल मेला आयोजित

- चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



पूंडरी। दीपावली मेले में भाग लेती प्राध्यापिका व छात्राएं।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय के होम साइंस विभाग द्वारा दीपावली मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा एवं मुख्य अतिथि डॉ .उज्ज्वल शर्मा, रिटायर्ड प्राचार्या, हिंदू गर्ल्स कॉलेज जगाधरी द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। मुख्य अतिथि व प्राचार्या ने मेले के लिए तैयार किए गए सभी आर्टिकल्स की प्रशंसा की उन्होंने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि विभाग द्वारा आयोजित मेले में प्रदर्शित प्रोडक्ट्स के माध्यम से छात्राओं को स्वावलंबी बनाने एवं रोजगार के नए अवसर बनाने में सहायता मिलेगी। दीपावली मेले के आयोजन पर गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. निधि ने बताया कि छात्राओं द्वारा हैंड क्राफ्ट सम्बन्धी विभिन्न आइटम्स तैयार की गई जिसमें डेकोरेटिव थाल एवं थालपोश, डेकोरेटिव दीए एवं केंडल, वंन्दनवार, वांल हैंगिंगव, एपरन, टौट बैग, कुशन कवर, डेकोरेटिव पोटली बैग, सगुन कार्ड, चौकलेटस प्रमुख है सभी तैयार आईटमस को ईको- फ्रेंडली तरीके से तैयार किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को त्यौहारों के प्रति जागरूक करना एवं उनके महत्व व विभिन्न लाइफ स्किलस को विकसित करना है।

### छात्राओं को स्वावलंबी बनने की प्रेरणा

उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित मेले में प्रदर्शित प्रोडक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि आयोजित मेले के माध्यम से छात्राओं को स्वावलंबी बनाने एवं रोजगार के नए अवसर बनाने में सहायता मिलेगी। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. गीता जैसवाल, डॉ. विनय खुरानिया,, डॉ. मीनू सिंगल, सुशीला, डॉ वंदना हुड्डा, किरनजोत, डॉ. सोनिया दहिया, निर्मल, आशा गिरधर, रीना देवी, किरन, सुनीता, नीलम, प्रियंका, विनेश व अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं द्वारा आयोजित मेले मे खरीददारी कर उनका उत्साह वर्धन किया। मेले के दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजन समिति के प्राध्यापिका डॉ. अनु, निशा व सुशीला ने छात्राओं को प्रोडक्ट्स तैयार करने मे मार्गदर्शन दिया। दीपावली मेले मे सभी प्राध्यापिकाओ व छात्राओं ने भाग लिया।

# देशवासी कौशल, मेहनत व आत्मबल के दम पर आत्मनिर्भर बनें : कमलेश

- कलायत भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत



कलायत। आयोजित कार्यक्रम में संबोधन करतीं पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

कलायत स्थित प्राचीन सांई मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की। कार्यक्रम में कलायत भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, राजौंद मंडल से सुशील पांचाल, जाखौली से अनिल मलिक व बालू मंडल से नरेंद्र जुलानी खेड़ा के साथ-साथ विभिन्न इकाइयों के अलावा नगर पालिका, ब्लाक समिति, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देशवासी अपने कौशल, मेहनत और आत्मबल के दम पर आत्मनिर्भर बनें। इस मौके पर भाजपा जिला, मार्किट कमेटी नव नियुक्त चेयरमैन राजकिशन काका राणा व उप प्रधान रिषीपाल कौलेखां का भी अभिनंदन किया गया।

### सांसद खेल महोत्सव के पंजीकरण ने किया 2.65 लाख का आंकड़ा पार

**कैथल।** सांसद खेल महोत्सव को लेकर कैथल में तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले खेल महोत्सव को लेकर कैथल कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। महोत्सव में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, फुटबॉल और पारंपरिक ग्रामीण खेलों को शामिल किया जा रहा है, साथ ही, महिला खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अलग श्रेणियां भी बनाई जाएंगी। कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने कहा कि अब तक दो लाख पैंसठ हजार प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण कराया जा चुका है।

## अंडर-11 ब्लॉकस्तरीय खेल प्रतियोगिता में आदर्श स्कूल के विद्यार्थी रहे प्रथम



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थीयों को सम्मानित करते हुए।

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अंडर-11 ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए सभी इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय तथा अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्र अंकुश माजरा ने हाई जंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल पदक जीता बल्कि अपनी मेहनत और साहस से सबका मन जीत लिया। वहीं मांशु माजरा और ऋतिक तारागढ़ ने गोला फेंक में अपनी ताकत और लगन दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इन बच्चों की जीत सिर्फ खेल में सफलता नहीं बल्कि कठिन परिश्रम आत्मविश्वास और सपनों को साकार करने की प्रेरणा है। इस दौरान प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा ने कहा कि अंकुश मांशु और ऋतिक जैसी होनहार प्रतिभाओं की मेहनत और लगन हर छात्र के लिए प्रेरणा है।

## सीएमओ ने किया एमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण

- पुराने और जर्जर उपकरण और बेड पर चादर फटी मिलने पर लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। एमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड का सीएमओ डा. सुमन कोहली ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ को पुराने और जर्जर इंस्ट्रूमेंट देखने को मिले। बेडों पर फटी हुई चादरें मिली। इसके अलावा वॉशरूम में पानी न आने की शिकायत भी सीएमओ को मिली। जिस पर सीएमओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि दो दिन में सभी तरह की खामियों को दूर कर लिया जाए ताकि मरीजों को उपचार की बेहतर सुविधाएं मिल सके। नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ से रेनोवेशन का कार्य करवाया जा रहा है। शुरूआती दिनों में काम तेज गति से हुआ लेकिन अब काम धीमी गति से हो रहा है। ऐसे में मरीजों को परेशानी न हो और खुले में चल रही एमरजेंसी वार्ड में आ जाए। इसे लेकर सोमवार को एमरजेंसी वार्ड में बैड व अन्य जरूरी चीजें लगा कर शुरू कर दिया था। खुली जगह से वार्ड में एमरजेंसी आने से लोगों ने भी राहत की सांस ली।

### निरीक्षण में मिलीं खामियां

सीएमओ डा. सुमन कोहली पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया, सीनियर डेंटल सर्जन डा. दिनेश के साथ एमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण करने पहुंची। यहां उन्होंने एंट्री गेट पर ही जर्जर फुटपैथ देखा। उसे तुरंत प्रभाव से उठवाने के आदेश दिए। इंस्ट्रूरमेंट पुराने व चादरें फटी हुई होने की शिकायतें मिली हैं। इसके अलावा वॉशरूम में पानी न आने की भी शिकायत मिली। सीएमओ ने एमरजेंसी में बनाए गए नए कैबिन देखे। दवा रखने व टीका लगाए जाने वाले वाले कक्ष को देखा। काम अधूरा होने पर तुरंत प्रभाव से सीएमओ ने संबंधित अधिकारी बातचीत कर जल्द से जल्द काम पूरा करवाने की बात कही।

## जाट अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से समाज को मिली मजबूती : सुरेश सिरोही



कैथल। जयपुर में आयोजित सम्मेलन में भाग लेते हुए सुरेश सिरोही व अन्य।

**कैथल ।** जाट अंतर राष्ट्रीय संसद के राष्ट्रीय हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिरोही बताया कि जयपुर में जाट अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से गाड़ियों के काफिले के साथ हजारों की संख्या में समाज के लोग जयपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जयपुर में इस सम्मेलन का आयोजन,जाट समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण रहा। हरियाणा से इस सम्मेलन में जाट समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने अपने विचार रखें। यह सम्मेलन जाट समुदाय की एकता, संस्कृति और साझेदारी को मजबूत करने का बहुत अच्छा अवसर रहा।इस दौरान सुरेश कुमार,रवि खटकड़,विका प्रदीप दुहन, कई अन्य साथी जयपुर के लिए गए।

## माजरा खाप ने पंचायत कर भाईचारा बनाए रखने की अपील की

# आईपीएस वाई पूरन मामले की जांच सिटिंग जज से करवाएं : गुरविंदर संधू

हैबतपुर में प्रधान गुरविंदर सिंह संधू की अध्यक्षता में पंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। पंचायत करते माजरा खाप पंचायत प्रतिनिधि।

*माजरा खाप ने सभी खाप पंचायतों से निवेदन किया कि वो संयम बरतें और भाईचारा कायम रखकर न्याय की पक्षधर बनकर निष्पक्ष जांच की मांग करे*

गांव हैबतपुर सचिवालय में मंगलवार को माजरा खाप पंचायत की पंचायत प्रधान गुरविंदर सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई। पंचायत ने आईपीएस वाई पूरन कुमार की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। पंचायत में आईपीएस की मौत को लेकर माजरा खाप पंचायत ने हरियाणा सरकार को कठघरे में खड़ा किया। ऐसे लगता है कि सरकार जातिय दंगें का इंतजार कर रही है ताकि मूल मुद्दे से ध्यान भटक जाए। खाप पंचायतें व सभी समाज ऐसा नहीं होने देंगे। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंदर सिंह संधू और सचिव महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि जब मृतक अधिकारी अपने नोट में जो नाम लिखे गए हैं और अंतिम बयान उन्हें सरकार क्यों नहीं मान रही है। जब कि कानून ऐसे मानता है। इस नोट में 15 अधिकारीयों के अलावा दो मुख्यमंत्री, गृह मंत्री अनिल विज को भी लपेटा गया है। उनसे भी वाई पूरन कुमार ने फरियाद की है। एससी-एसटी आयोग से भी अपनी तकलीफ सांझा की थी। किसी ने उनकी सुनवाई नही की। उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े अधिकारियों को बचाना चाहती है ओर एक छोटी मछली को बलि का बकरा बनाना चाहती है। नोट में शामिल नामों की जांच करवाई जाए और जाति-पाति, धर्म, महजब से ऊपर उठ कर कार्रवाई करे। प्रवक्ता समुद्र सिंह फोर ने कहा कि सरकार ने जो एसआईटी का गठन किया है। यह सही नही है। जूनियर अधिकारी कैसे सीनियर अधिकारियों की जांच करेंगे। यदि सरकार वास्तव में ईमानदारी से मामले का हल करना चहाती हैं तो सिटिंग जज की अध्यक्षता में कमेटी का गठन करे और समय सीमा निर्धारित करे। उन्होंने सभी समाजों से खाप पंचायतों से निवेदन किया कि वो संयम बरतें और भाईचारा कायम रखकर न्याय के पक्षधर बनें।

### दोषियो की गिरफ़्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** आल सफाई कामगार संघर्ष समिति की राज्य कमेटी के आह्वान पर जवाहर पार्क कैथल मे महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाते हुए उनको पुष्प अर्पित किये और समानता, स्वतंत्रा और संवैधानिक मुल्य का महत्व पर एक विचार गोष्टी का आयोजन किया गया। इसकी सयुंक्त रूप से अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टाँक ग्रामीण सफाई कर्मचारी युनियन के जिला प्रधान अजय कुमार पबनावा ने किया। संचालन जिला सचिव विक्की टांक व बीरभान जाखोली ने किया। इस विचार गोष्टी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी युनियन के राज्य प्रधान बसाऊ राम,नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व दलित अधिकार मंच के राज्य सह संयोजक शिवचरण, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक व सीटू के जिला प्रधान सत्यवान, सीटू के जिला कैशियर जयप्रकाश, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, एसकेएस के जिला प्रधान ओमपाल भाल, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व ब्लॉक प्रधान सुरेन्द्र कुमार पहलवान ने सम्बोधित किया।

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के भौतिकी विभाग द्वारा 14 अक्टूबर को शेरगढ़, जींद रोड, कैथल स्थित पॉलिमर निर्माण फैक्ट्री और कपास बीज उपोत्पाद प्रसंस्करण इकाई का औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और आधुनिक विनिर्माण क्षेत्रों में औद्योगिक प्रक्रियाओं, उत्पादन तकनीकों और उपोत्पादों के उपयोग की बेहतर समझ प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने कच्चे माल के प्रसंस्करण, ढलाई और गुणवत्ता परीक्षण सहित पॉलिमर उत्पादन के विभिन्न चरणों का अवलोकन किया। छात्रों ने फैक्ट्री विशेषज्ञ गगन कुमार से बातचीत की, जिन्होंने नवीनतम तकनीक समझाई।